**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 2 दिसंबर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

- **केंद्र सरकार ने मोबाइल हैंडसेट की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए मोबाइल में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए**
- **संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि संचार साथी ऐप साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया है।**
- **आज विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई।**
- **अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के उपलक्ष्य में कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में होगा जागरूकता सेमिनार- पलवल में आज नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिव्यंगों से जुड़े मुद्दों पर जागरूक किया गया।**

*****************************************************************

केंद्र सरकार ने मोबाइल हैंडसेट की प्रामाणिकता की पुष्टि के लिए मोबाइल में संचार साथी ऐप, पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश जारी किए हैं।

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल हैंडसेट निर्माता और आयातकों को निर्देश दिया है कि भारत में उपयोग के लिए निर्मित या आयातित, सभी मोबाइल हैंडसेट में पहले से इंस्टॉल संचार साथी एप्लिकेशन उपयोगकर्ताओं को पहली बार उपयोग या डिवाइस सेटअप के समय आसानी से दिखना चाहिए और सुलभ होना चाहिए।

विभाग ने कहा कि एप्लिकेशन की कार्यक्षमता को प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए। विभाग ने मोबाइल निर्माता और आयातकों को निर्देश दिया कि वे पहले से निर्मित और भारत में बिक्री के लिए मौजूद उपकरणों में सॉफ्टवेयर अपडेट के माध्यम से ऐप को आगे बढ़ाने का प्रयास करें। विभाग ने निर्माताओं को 90 दिनों के भीतर इस पर अम्ल पूरा करने और 120 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

...................................***************************************************

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि साइबर धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचार साथी ऐप लाया गया है। श्री सिंधिया ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों से कहा कि इस ऐप को कोई भी व्यक्ति चाहे तो अपने मोबाइल फोन से हटा सकता है।

ये कस्टमर प्रोटेक्शन की बात है और हम ब्रहम को मैं तोड़ने की कोशिश कर रहा हूं। कोई मैंडेटरी नहीं है, आप अगर रजिस्टर्ड नहीं करना चाहते हो, मतलब कि उदाहरण के तौर पे, इस ऐप का उपयोग नहीं करना चाहते हो, तो रजिस्टर मत करो, वो नॉर्मल रहेगा, डीलीट करना है तो डीलट कर लो। पर हर व्यक्ति को देश में नहीं मालूम कि मुझे फ्रॉड से प्रोटेक्ट करने के लिए, मुझे चोरी से प्रोटेक्ट करने के लिए ये ऐप है। तो हर व्यक्ति तक ये ऐप पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है।

*****************************************************************

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण-एसआईआर का दूसरा चरण शुरू होने के बाद से मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 85 लाख से ज़्यादा गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। यह इस चरण के करीब 51 करोड़ मतदाताओं का 99 दशमलव सात-आठ प्रतिशत है। आयोग ने कहा कि अब तक करीब 40 करोड़ फॉर्म डिजिटाइज़ किए जा चुके हैं। एसआईआर का दूसरा चरण इस महीने की 4 तारीख को नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुआ। मतदाता सूची का बड़े पैमाने पर पुनरीक्षण अगले वर्ष 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ खत्म होगा।

*****************************************************************

आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण बार-बार बाधित हुई। लोकसभा दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी सांसदों से सदन की कार्यवाही बाधित न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष को नए मुद्दे ढूंढ़ने और संसद को बाधित करने की आवश्यकता नहीं है।

**********************************************************************

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से संबंधित एक लंबित मामले में शिकायतकर्ता को 5,000 रुपये के मुआवजे का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। यह राशि दोषपूर्ण एवं लापरवाही पूर्ण आचरण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से वसूली जाएगी। आयोग ने कहा है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद इस प्रकरण का निपटारा करने में अत्यधिक देरी की गई, जिस कारण शिकायतकर्ता को उत्पीड़न झेलना पड़ा। प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2018 से जुड़े इस मामले में त्रुटिपूर्ण दस्तावेज़ अपडेट, बायोमेट्रिक उपस्थिति से संबंधित अनावश्यक औपचारिकताओं के कारण शिकायतकर्ता को लगभग पाँच वर्षों तक न्यायालय की डिक्री लागू कराने के लिए बार-बार एचएसवीपी कार्यालय के चक्कर लगाने पड़े।

******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्तूबर को दलहनी फसल आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया था। इस उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री द्वारा देश के 15 प्रगतिशील किसानों को चर्चा के लिए बुलाया गया। हिसार जिले के गांव रावलवास खुर्द निवासी किसान कृष्ण कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर लौटने के बाद कहा कि उसके लिए यह दिन जीवन में बड़ा सौभाग्यशाली दिवस था।
मुलाकात को लेकर कृष्ण कुमार ने बताया -

किसान कृष्ण कुमार ने कहा कि सभी किसानों के लिए प्रधानमंत्री के संदेश को लेकर बताए कि उन्होंने सभी से प्राकृतिक और दलहन की खेती करने का आग्रह किया है।

**********************************************************************

हरियाणा मानवाधिकार आयोग द्वारा जिला प्रशासन करनाल के सहयोग से कल 'विश्व दिव्यांग दिवस' के अवसर पर कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एक जागरूकता सेमिनार आयोजित किया जायगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सेमिनार में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। सेमिनार का उद्देश्य दिव्यांगों के अधिकार समान अवसर और उनके समावेशन के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है ताकि वे जीवन के सभी क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी कर सकें।

************************************************

अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के उपलक्ष्य में पलवल के एडवांस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज जिला सचिवालय परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर दिव्यांगों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को दिखाया गया । इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट अप्रितम सिंह मौजूद रहे।

नुक्कड़ नाटक की संयोजक एंव एडवांस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के सहायक प्रोफेसर मधु हंस ने बताया-

उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, उनके सम्मान और अधिकारों के लिए समर्थन जुटाना और उन्हें समाज के हर क्षेत्र में शामिल करने के लाभों पर जोर देना था ।

*****************************************************************************************